Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

❐ वर्ष- 29 ❐ अंक- 31 ❐ रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026 ❐ पृष्ठ-8 ❐ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## टॉप नक्सली कमांडर देवजी ने 18 साथियों के साथ तेलंगाना में किया आत्मसमर्पण

### कुछ और नाम शेष हैं जिन्हें कराया जाएगा सरेंडर : विजय शर्मा

**रायपुर/जगदलपुर,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। लगातार बढ़ते फोर्स के दबाव के बीच तेलंगाना से नक्सलवाद को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है. पोलित ब्यूरो मेंबर और केंद्रीय समिति के वरिष्ठ सदस्य देवजी ने 18 नक्सलियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है.



नक्सली संगठन के वर्तमान में सबसे बड़े कमांडर देवजी का आत्मसमर्पण नक्सली नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. लंबे समय से फोर्स के सघन ऑपरेशन, नेटवर्क पर चोट और बढ़ती घेराबंदी के चलते माओवादी नेतृत्व के भीतर हताशा की स्थिति बन रही है. देवजी जैसे शीर्ष कमांडर का आत्मसमर्पण संगठन की रणनीतिक और मनोवैज्ञानिक दोनों तरह की कमजोरी को उजागर करता है.बड़े नक्सली कमांडर देवा के आत्मसमर्पण पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बसव राजू के न्यूट्रलाइज होने के बाद देवजी बड़ा नक्सली था, जिसने सरेंडर किया है. देवजी ने तेलंगाना में सरेंडर किया है, ऐसी सूचना मिली है. कुछ नाम और शेष हैं, जो निष्क्रिय है, उन्हें भी सरेंडर कराया जाएगा. मुख्य धारा से वो जुड़े, इसमें काम किया जा रहा है. बैंक की राशि, शादी-विवाह, खेती करें. इसकी व्यवस्था भी कराई जा रही है.

आत्मसमर्पण करने वाले टॉप नक्सली कमांडर में 1. सुजाता उर्फ कल्पना उर्फ पोथुला पद्मावती (किसनजी की पत्नी) सीसीएम 13.09.25 हैदराबाद तेलंगाना, 2. मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति पीबीएम/सीसीएम 14.10.25 गढ़चिरौली महाराष्ट्र. 3. सतीश उर्फ रूपेश उर्फ टक्कलपल्ली वासुदेव राव सीसीएम 17.10.25 जगदलपुर छत्तीसगढ़, 4. पुलुरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना सीसीएम 29.10.25 हैदराबाद तेलंगाना, 5. रामदर मज्जी उर्फ सोमा सीसीएम 08.12.25 राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, 6. देवजी उर्फ तिरुपति पोलित ब्यूरो सीसीएम 22.02.26 तेलंगाना शामिल हैं।

### जवानों ने 17 आईईडी समेत डंप सामान किए बरामद




**बीजापुर,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है. जवानों ने थाना फरसेगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नीलमड़गु की ओर सर्चिंग और एरिया डॉमिनेशन अभियान चलाया. इस दौरान नक्सलियों के प्लांटेड 16 बीयर बॉटल आईईडी और एक 5 किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया गया। बीडीडी टीम ने डिमाइनिंग करते हुए सभी आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया. सर्चिंग में जमीन के भीतर प्लास्टिक ड्रम में छिपाकर रखी गई संदिग्ध सामग्री भी बरामद की गई। जब्त सामग्री में रस्सी, फ्लेक्सिबल वायर, मल्टीमीटर, आयरन सोल्डरिंग रॉड, वायर कटर, एम-सील, पेंसिल बैटरी (1.5V AAA), डीसी मोटर, माओवादी वर्दी, मैगजीन पाउच, दवाइयां, माओवादी साहित्य और पाम्फलेट शामिल हैं।

## बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा दिल्ली पुलिस ने पकड़े 8 संदिग्ध

### आईएसआई और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों से जुड़े तार

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। छह संदिग्धों को तमिलनाडु और दो को पश्चिम बंगाल से पकड़ा गया। इनपर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों के इशारे पर भारत में एक बड़ी आतंकी साजिश रचने का आरोप है। आरोपियों को दिल्ली लाया जा रहा है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है। इन संदिग्धों के पास से कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है, जिसकी जांच की जा रही है।



खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने यह बड़ी कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये संदिग्ध भारत में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। इन संदिग्धों के तार पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े होने की आशंका है, जो लंबे समय से भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त रही है। इसके अलावा, बांग्लादेशी आतंकी संगठनों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तार संदिग्धों के पास से कई मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि इन उपकरणों का उपयोग आतंकी संगठनों के समर्थन में संदेश फैलाने और संदिग्ध हैंडलर्स के संपर्क में रहने के लिए किया जा रहा था।

### लश्कर की धमकी के बाद दिल्ली में किलेबंदी भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहरा सख्त

देश की राजधानी दिल्ली इस वक्त हाई अलर्ट पर है। सुरक्षा एजेंसियों को खुफिया जानकारी मिली है कि आतंकी संगठन दिल्ली की भीड़भाड़ वाली धार्मिक और ऐतिहासिक जगहों पर हमले की साजिश रच रहे हैं। खबरों के मुताबिक, पाकिस्तान का आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा भारत के बड़े शहरों में आईईडी धमाके करने की योजना बना रहा है। बताया जा रहा है कि 6 फरवरी को इस्लामाबाद की एक मस्जिद पर हुए हमले का बदला लेने के लिए वे चांदनी चौक के एक मंदिर और अन्य प्रसिद्ध जगहों को निशाना बना सकते हैं। यह अलर्ट इसलिए भी गंभीर है क्योंकि तीन महीने पहले लाल किले के पास एक धमाका हुआ था, जिसमें 15 लोगों की जान चली गई थी। किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस और सुरक्षा बलों ने पूरे शहर में पहरा बढ़ा दिया है। मंदिर परिसरों और ऐतिहासिक इमारतों के पास बड़ी संख्या में पैरा-मिलिट्री फोर्स तैनात की गई है। दिल्ली में आने वाली हर गाड़ी की बारीकी से जांच हो रही है। लावारिस खड़ी गाड़ियों और पार्किंग पर खास नजर रखी जा रही है। कंट्रोल रूम के जरिए पूरे शहर की रियल-टाइम सीसीटीवी फुटेज पर लगातार नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध हरकत को तुरंत पकड़ा जा सके। पुलिस होटलों, गेस्टहाउसों, साइबर कैफे, मॉल, सिनेमाघरों और सिम कार्ड बेचने वाली दुकानों की जांच कर रही है। इसके साथ ही किराएदारों, घरेलू नौकरों और मजदूरों का बैकग्राउंड चेक भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### भाजपा में शामिल हुए भूपेन बोरा



**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (न्यूज चैनल)। असम की राजनीति में रविवार को एक बड़ा बदलाव देखने को मिला, जब असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने आधिकारिक तौर पर बीजेपी जॉइन कर ली। गुवाहाटी में असम बीजेपी चीफ दिलीप सैकिया की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। उनके साथ संजू बरुआ और सर्बनारायण देवरी जैसे युवा कांग्रेस नेता भी बीजेपी में शामिल हुए हैं। भूपेन बोरा एक अनुभवी नेता हैं, जो पिछले 32 सालों से कांग्रेस से जुड़े हुए थे। उनके करियर की कुछ मुख्य बातें, वे 2006 से 2016 तक बिहपुरिया से विधायक रहे। वे 2021 से 2024 तक असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे। तरुण गोगोई की सरकार में वे सरकार के प्रवक्ता और पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी भी रहे। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत छात्र राजनीति से की थी और डिब्रूगढ़ यूनिवर्सिटी में यूनियन के जनरल सेक्रेटरी भी रहे। दिलचस्प बात यह है कि केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन बोरा एक ही यूनिवर्सिटी में साथ पढ़ते थे। भूपेन बोरा ने पार्टी छोड़ने के पीछे कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन को एक बड़ी वजह बताया है। बोरा का आरोप है कि असम में कांग्रेस की असली कमान रकीबुल हुसैन के हाथों में है, जबकि स्टेट यूनिट चीफ गौरव गोगोई सिर्फ नाम के पद पर हैं। बोरा का कहना है कि पार्टी के भीतर इसी खींचतान की वजह से उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया।

### तेलंगाना बीजेपी अध्यक्ष को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (न्यूज चैनल)। तेलंगाना बीजेपी अध्यक्ष एन रामचंद्र राव को रविवार (22 फरवरी) को कामारेड्डी की प्रस्तावित यात्रा से पहले शनिवार देर रात घर में नजरबंद कर दिया गया. फोन पर बात करते हुए राव ने कहा कि पुलिस ने मुझे आज रात घर में नजरबंद कर दिया है. बीजेपी विधायक कटिपल्ली वेंकट रमना रेड्डी के शिविर कार्यालय पर कथित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हमले के बाद कामारेड्डी में तनाव बढ़ गया. राव ने बंसवाड़ा में पत्थरबाजी के पीड़ितों से मिलने की योजना बनाई थी. 20-21 फरवरी को कामारेड्डी कस्बे में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें हुईं. यह तनाव सरकारी डिग्री कॉलेज की जमीन को लेकर हुए विवाद के कारण भड़का, जिसमें बीजेपी विधायक कटिपल्ली वेंकट रमना रेड्डी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस नेता, विशेष रूप से शब्बीर अली, इस जमीन को अवैध रूप से बेच रहे हैं या उस पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं.

## पीएम मोदी ने दिल्ली-मेरठा रैपिड रेल को दिखवाई हरी झंडी

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली-मेरठ के बीच चलने वाली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम और भारत की सबसे तेज मेरठ मेट्रो सेवा का उद्घाटन किया। 82 किलोमीटर लंबे इस पूरे कॉरिडोर के बन जाने से दिल्ली और मेरठ के बीच का सफर अब एक घंटे से भी कम समय में पूरा हो सकेगा। आज शाम 6 बजे से ये सेवाएं आम जनता के लिए शुरू हो जाएंगी।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली में सराय काले खां से न्यू अशोक नगर (5 किमी) और मेरठ साउथ से मोदीपुरम (21 किमी) तक के बचे हुए हिस्सों का उद्घाटन किया। अब यात्री बिना किसी रुकावट के पूरी दूरी तय कर पाएंगे। उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ शताब्दी नगर से मेरठ साउथ तक ट्रेन में सफर किया और यात्रियों से बातचीत भी की। मेरठ मेट्रो भारत की सबसे तेज मेट्रो सर्विस बन गई है, जिसकी रफ्तार 120 किमी प्रति घंटा है। यह पूरा रूट करीब 30 मिनट में कवर कर लेगी। खास बात यह है कि भारत में पहली बार नमो भारत ट्रेन और मेट्रो दोनों एक ही ट्रैक पर चलेंगी। 23 किलोमीटर लंबे इस मेट्रो कॉरिडोर में मेरठ साउथ, बेगमपुल और मोदीपुरम जैसे कुल 13 स्टेशन बनाए गए हैं।



अब 1 घंटे से भी कम में पूरा होगा सफर

## अधिकारी बनने हजारों परीक्षार्थियों ने दी पीएससी परीक्षा



**धमतरी,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। आज छग लोकसेवा आयोग द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा दो पाली में ली गई। जिसमें धमतरी सहित प्रदेश भर के सभी जिलो में एक साथ परीक्षा आयोजित की गई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक सामान्य अध्ययन की हुई। वहीं दोपहर 3 से 5 बजे तक एप्टीट्यूड परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी। सभी परीक्षा केन्द्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किये गये थे। निर्धारित जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत, 5 गंभीर

**बालोद,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। जिले में आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।यह हादसा राजहरा थाना क्षेत्र के पत्थराटोला गांव के पास हुआ।



बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में 20 से अधिक ग्रामीण सवार थे, जो रजही डेम किनारे खटला खाने गए थे। खाना खाने के बाद सभी लोग पथरकटोला होते हुए अपने गांव लौट रहे थे, तभी रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक गौकरण दर्रो (40 वर्ष) ट्रैक्टर के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर में सवार पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। ग्रामीणों के अनुसार ट्रैक्टर में क्षमता से अधिक लोग सवार थे, जिससे हादसे की आशंका और बढ़ गई थी। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरमैन प्रियंका गांधी के साथ स्पेशल आब्जर्वर विकास उपाध्याय की वन टू वन चर्चा 10 जनपथ में

**रायपुर,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद रायपुर लोकसभा एवं स्पेशल आब्जर्वर विकास उपाध्याय ने बताया कि असम में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर 10 जनपथ में प्रियंका गांधी जी के साथ विकास उपाध्याय की वन टू वन चर्चा, संगठन को लेकर राय शुमारी हुई। उपाध्याय ने बताया कि भाजपा की सरकार सिर्फ जनता को छलने का काम कर रही है और विकास के नाम पर सिर्फ जनता को लूटने का काम किया गया है, असम में भाजपा की डबल इंजन सरकार पूरी तरह फेल हो है।



## सनकी पति ने हथौड़े से हमला कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**अंबिकापुर,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। साले की शादी से लौटे एक जीजा ने आधी रात पत्नी, गर्भवती साली और भतीजी पर हथौड़े से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में पत्नी की मौत हो गई, जबकि गर्भवती साली और भतीजी गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर के ग्राम सरहरी निवासी सुरेश कुमार कुशवाहा के यहां विवाह समारोह में शामिल होने रेवटी प्रतापपुर निवासी गणेश कुशवाहा पहुंचा था। पारिवारिक विवाद के कारण उसकी पत्नी यशोदा अपनी पुत्री नैना के साथ मायके में रह रही थी। 20 फरवरी को बारात लौटने के बाद रात में सभी परिजन अपने-अपने कमरों में सो गए। देर रात करीब दो बजे भतीजी पिंकी ने शोर मचाते हुए बताया कि मौसा गणेश ने मौसी और मां पर हथौड़े से हमला कर दिया है तथा उसके सिर पर भी वार किया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजन जब कमरे में पहुंचे तो यशोदा और गंगोत्री खून से लथपथ पड़ी थीं। तीनों घायलों को तत्काल प्रतापपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें मिशन चिकित्सालय रेफर किया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद यशोदा को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीन माह की गर्भवती गंगोत्री की हालत गंभीर होने पर उसे रायपुर रेफर किया गया है। भतीजी पिंकी का मिशन चिकित्सालय में इलाज जारी है और उसकी स्थिति भी गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद फरार आरोपी गणेश कुशवाहा को प्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**गर्भवती साली और भतीजी गंभीर**

## जंगल में मिला हाथी के शावक का शव मौत की वजह जानने में जुटा वन अमला

**तमनार,** 22 फरवरी (हाईवे चैनल)। रायगढ़ जिले के तमनार रेंज के झींगोल परिसर अंतर्गत कक्ष क्रमांक 838 आरक्षित वन क्षेत्र में एक मादा शावक हाथी का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। झींगोल परिसर रक्षक से घटना कि सूचना मिलते ही उपवनमंडलाधिकारी घरघोड़ा आशुतोष मंडावा परिक्षेत्र अधिकारी तमनार विक्रांत कुमार और वन अमले के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे।



प्रारंभिक जांच में घटनास्थल के आसपास हाथियों के पैरों के ताजा निशान, मल-मूत्र के चिन्ह पाए गए, जिससे स्पष्ट होता है कि शावक के साथ हाथियों का झुंड मौजूद था। जमीन पर बने खरोंच और घसीटने के निशानों से यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि अन्य हाथियों ने शावक को उठाने या हिलाने-डुलाने का प्रयास किया होगा। वन विभाग की सघन तलाशी के दौरान घटनास्थल पर किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या संदिग्ध वस्तु के प्रमाण नहीं मिले हैं। विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा मौके पर किए गए प्रारंभिक परीक्षण के आधार पर शावक की मृत्यु कमजोरी या प्राकृतिक कारणों से होना प्रतीत हो रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों और डॉक्टरों की उपस्थिति में शावक का पोस्टमार्टम कराया गया है। उप वन मंडलाधिकारी घरघोड़ा आशुतोष मंडावा का कहना है कि मौत के सटीक कारणों का खुलासा विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट और लैब जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल एहतियात के तौर पर क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और हाथियों के झुंड की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।